दिल्ली को रोज 10 लाख लीटर बायो-डीजल देगी केंद्र सरकार

प्रदूषण रोकने के लिए केंद्र सरकार ने की पेशकश

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण रोकने के लिए केंद्र सरकार दिल्ली को रोज 10 लाख लीटर बायो-डीजल देने को तैयार है। इससे यहां डीजल-पेट्रोल की वजह से होने वाले प्रदूषण पर काफी हद तक लगाम लग सकती है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को यह पेशकश की। वे इंटरनेशनल इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'अगर दिल्ली सरकार इस पेशकश को मान लेती है तो वह जनरेटर वगैरह में बायो-डीजल का इस्तेमाल कर सकती है। सिर्फ यही नहीं, केंद्र कचरे से बायो-ईंधन बनाने की तकनीक भी दिल्ली सरकार को देने को राजी है। दिल्ली की आजादपुर मंडी में रोज लाखों

टन सब्जी-भाजी बर्बाद हो जाती है। इससे बायो-ईंधन बनाया जा सकता है।' उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार जैविक कचरे से बायो-डीजल बनाने की नीति पर काम कर रहा है। इसमें कृषि मंत्रालय भी सहयोग कर रहा है। इससे न सिर्फ प्रदूषण पर नियंत्रण में मदद मिलेगी, बल्कि किसानों को भी फायदा होगा। करीब आठ लाख करोड़ रुपए के क्रूड ऑयल के आयात बजट को काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी। इससे देश की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा।